# बोलो बोलो कागा मेरे साई कब आएंगे

मेरी इस झोपडी के भाग जग जायेगे,
बोलो बोलो कागा मेरे साई कब आएंगे,

आये नहीं साई मेरे लगी कहा देर रे,
चुन चुन पंक्षी मैंने राखे मीठे बेर रे,
बलि बलि जाउंगी जब साई वेर खायेगे,
बोलो बोलो कागा मेरे साई कब आएंगे,

उड़ जा रे कागा ला दे साई की खबरियां,
आएंगे साई बाबा कौन सी डगरियाँ,
अखियां बिचाउगि यहाँ चरण वो टिकाएगे,
बोलो बोलो कागा मेरे साई कब आएंगे,

भोले भाले साई बाबा बड़े रिजवान है,
टूटी होइ नौका के वही पतवार है,
मुझसे अभागिनी को पार वो लगाएगे,
बोलो बोलो कागा मेरे साई कब आएंगे,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13874/title/bolo-bolo-kaga-mere-sai-kab-aayege

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |